लल्लूराम.com
सब कहेंगे लल्लूराम

ओडिशा के राउरकेला में नकली इंजन ऑयल बनाने की फैक्ट्री पकड़ाई

राउरकेला. ओडिशा के राउरकेला शहर में नकली इंजन ऑयल बनाने की अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है. यह फैक्ट्री बिसरा इलाके में एक किराए के मकान में चलाई जा रही थी, जहां प्रसिद्ध ब्रांडों के नाम पर नकली इंजन ऑयल तैयार और पैक किया जाता था.

पुलिस ने छापेमारी के दौरान करीब 4,000 लीटर नकली इंजन ऑयल, खाली बोतलें, लेबल और पैकिंग सामग्री बरामद की, जो दिखने में मशहूर कंपनियों के प्रोडक्ट्स जैसी थीं. आरोपियों पर ब्रांड के लोगो और पैकेजिंग की नकल कर नकली उत्पाद बाजार में बेचने का आरोप है.

इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है, और पुलिस आगे की जांच कर रही है. अधिकारी अब सप्लाई चेन का पता लगाने और इस अवैध धंधे में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने में जुटे हैं.

Source: https://lalluram.com/fake-engine-oil-manufacturing-factory-busted-in-odishas-rourkela/